## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 43. | विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित 04 (चार) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए कुल–22 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–03 एवं व्याख्याता–19) एवं 07 (सात) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में विद्युत अभियंत्रण पाठयक्रम के लिए कुल–33 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–02 एवं व्याख्याता–31) अर्थात कुल–55 (पचपन) शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–05 एवं व्याख्याता–50) के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। | 43. | स्वीकृत। |

## शिक्षा विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44. | वित्तीय वर्ष 2024–25 में पी०एम० पोषण योजना (मध्याह्न भोजन योजना) अन्तर्गत PAB द्वारा कुल स्वीकृत राशि 81943.06 लाख के आलोक में पूर्व में प्रथम एवं द्वितीय किस्त की निर्गत कुल राशि 26705.94 लाख घटाने के उपरांत अवशेष केन्द्रांश मद की प्रत्याशा में संगत राज्यांश की कुल राशि 55237.12 लाख (पाँच सौ बावन करोड़ सैंतीस लाख बारह हजार रू० मात्र) की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में। | 44. | स्वीकृत। |

## सहकारिता विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45. | वित्तीय वर्ष 2024–25 में अतिरिक्त 42900 (बयालीस हजार नौ सौ) मे०टन भण्डारण क्षमता के सृजन हेतु 200 (दो सौ) मे०टन, 500 (पाँच सौ) मे०टन एवं 1000 (एक हजार) मे०टन प्रति इकाई क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए समितियों को 50 (पचास) प्रतिशत अनुदान तथा 50 (पचास) प्रतिशत चक्रीय पूँजी के रूप में कुल रू० 30,89,98,582/–(तीस करोड़ नबासी लाख अनठानवे हजार पाँच सौ बेरासी) मात्र के व्यय की योजना की स्वीकृति। | 45. | स्वीकृत। |

## पथ निर्माण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 46. | कॉस्ट शेयरिंग के आधार पर सिवान जिलान्तर्गत राज्य उच्च पथ सं०–89 (बबुनिया–सिसवन रोड) पर सिवान यार्ड (सिवान रेलवे स्टेशन) से पंचरूखी रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या–91 Spl (रेलवे कि०मी० 386/36–38) के बदले आर०ओ०बी० (सड़क उपरी पुल) के निर्माण हेतु राज्यांश राशि ₹4608.25 लाख (रूपये छियालीस करोड़ आठ लाख पच्चीस हजार मात्र) सहित कुल ₹9216.52 लाख (रूपये बानबे करोड़ सोलह लाख बावन हजार मात्र) के अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। | 46. | स्वीकृत। |